## खबर संक्षेप

### इस बार साढ़े 9 लाख पौधे लगाने का मिला लक्ष्य

**करनाल।** डीएफओ पवन कुमार शर्मा ने बताया कि करनाल जिला में इस बार वन विभाग द्वारा साढ़े 9 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य लिया है। इसके अंतर्गत स्कूली बच्चों, जलशक्ति अभियान, विभागीय कार्यालयों, खेतों व सरकारी वन भूमि पर पौधे लगाए जाएंगे। कोई भी आमजन मुफ्त में वन विभाग की 8 नर्सरियों में से पौधे ले सकता है। यहां फलों के पौधों के साथ-साथ छायादार पौधे भी मिलेंगे। उन्होंने सभी आमजन को अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने के लिए आह्वान किया है।

### 14-15 को आगरा में होगा बिजनेस समिट : डंग

**करनाल।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन खुदरा व्यापारियों एवं एमएसएमई उद्योगों को विकसित करने एवं उनकी समस्याओं के निवारण हेतू अपने राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत आगामी 14-15 जून को आगरा के होटल ताज एंड कोनवेशन सेंटर में एमएसएमई ओडीओपी बिजनेस समिट का आयोजन करने जा रहा है। ये जानकारी देते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गुलशन डंग ने बताया कि आज सुक्ष्म, लघु व मझले उद्योग-धंधों को बचाने के लिए आवश्यक है कि एमएसएमई के लिए नियामकीय सहूलियतों, वेतन समर्थन और ब्याज सब्सिडी, कच्चें माल की बढ़ती कीमतों पर रोक जैसी राहत दी जाएं।

## 101 फलदार और छायादार पौधे लगाकर दिया पर्यावरण सुरक्षा का संदेश

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विधायक ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप राम कुमार कश्यप ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में पौधारोपण किया। इस दौरान 101 फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। विधायक कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे ही हमारे जीवन का आधार हैं, क्योंकि वे जीवन के लिए आवश्यक ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। उन्होंने लोगों से भावी पीढ़ियों के उज्वल भविष्य के लिए अधिकाधिक पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया ताकि एक स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि दूषित पर्यावरण के कारण होने वाली बीमारियों से बचने और प्रकृति को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना बहुत जरूरी है।

उन्होने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूरे भारत में पौधारोपण किया जा रहा है और इसी कड़ी में इंद्री हल्के के सभी बूथों पर भी पौधारोपण किया जाएगा। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे अपनी आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध वातावरण देने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाएं और उनकी अच्छी तरह से देखभाल करें।



इंद्री। जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय मे पौधारोपण करते विधायक राम कुमार कश्यप । *फोटो : हरिभूमि*

### विधायक ने हाइड्रोलिक सीवर क्लीनिंग जेटिंग मशीन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

इस अवसर पर विधायक राम कुमार कश्यप ने जन स्वास्थ्य विभाग को सरकार की ओर से प्राप्त हाइड्रोलिक सीवर क्लीनिंग जेटिंग मशीन को हरी झंडी दिखाकर इंद्री शहर के लिए रवाना किया। उन्होंने इस मशीन के लिए सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह शहर के सीवरेज की सफाई में आने वाली दिक्कतों को दूर करेगी और बंद सीवरेज को तुरंत साफ करने में मदद करेगी। इस मौके पर जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ अर्पित धीमान सहित जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



घरौंडा। गांव कालरों के शक्ति केंद्र पर विश्व पर्यावरण दिवस मनाते भाजपाई।

### एक पेड़ मां के नाम से लगाए : संदीप लोहट

**घरौंडा।** घरौंडा विधानसभा के गांव कालरों के शक्ति केंद्र पर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाया गया। शक्ति केंद्र प्रमुख संदीप लोहट ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा देश में अभियान चलाया जा रहा है मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा के निर्देश पर बूथ स्तर पर कार्यक्रम किया जा रहा है उसी कड़ी में गुरुवार को शक्ति केंद्र कालरों के बूथ 109व 110 के महर्षि वाल्मीकि मन्दिर,हनुमान मंदिर व प्रजापत चौपाल में पेड़ लगा कर इस अभियान की शुरूआत की। उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति ने एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। पेड़ हमें आक्सीजन देता है इसके बिना हम एक क्षण भी जीवित नहीं रह सकते इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा पौधा रोपण करना चाहिए ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी स्वच्छ वातावरण में सांस ले सके।कोरोना के समय हमें आक्सीजन की कीमत का पता चला था जब सांस लेने के लिए ऑक्सीजन सिलंडर मिलने बन्द हो गए थे।हमें पेड़ लगाना ही नहीं बल्कि हरोज देखभाल करनी होगी तभी हम इस अभियान को सफल बना सकते है।गाँव और शहरों में अधिक से अधिक नीम, बरगद और पीपल के पौधेलगाए जाए। घरों और दुकानों के बाहर भी वृक्ष हों ऐसा कोई नियम बने तो पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा। कार्यक्रम में महात्मा सूर्य नाथ,बूथ अध्यक्ष तेजबीर सिंह, पूर्व पंच मेमपाल राणा,सुरेश प्रजापत, अनिल कुमार, निशान्त, यश कुमार ,बालेश देवी, कृष्ण आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



इंद्री। बुनियादी साक्षरता कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं।

### बुनियादी साक्षरता कार्यक्रम में बताए सफलता के टिप्स

**इंद्री।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से बुनियादी साक्षरता एवं बुनियादी साक्षरता संख्यात्मक बोध पर पांच दिवसीय अध्यापक प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरुआत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री मे की गई । इस प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल चौधरी ने किया । प्रशिक्षण कार्यशाला में अध्यापकों को संबोधित करते हुए धर्मपाल चौधरी ने कहा कि बच्चों को दिया गया ज्ञान यदि व्यवहार में काम नहीं आता तो हम उसे ज्ञान नहीं मान सकते। उन्होंने कहा कि व्यावहारिक ज्ञान हासिल करने के बाद बच्चे निपुणता प्राप्त कर लेते हैं और देश दुनिया से अपना नाता जोड़ देते हैं। उन्होंने कहा कि रट्टा पद्धति बच्चों के विकास में बाधा उत्पन्न करती है । उन्होंने कहा कि निपुण बच्चे आत्म विश्वास और उत्साह से भरे हुए होते हैं और जीवन में निरंतर सफलता हासिल करते हैं। धर्मपाल चौधरी ने सभी मास्टर ट्रेनर को संबोधित करते हुए कहा कि अध्यापकों के मन में पैदा होने वाले सवालों का स्वागत किया जाना चाहिए और उनका जवाब सरल और स्पष्ट भाषा में दिया जाना चाहिए।

## लिव इन रिलेशन में रह रहे युवक ने खाया जहर, मौत

- युवक की मौत के बाद पुलिस मामले की जांच करने पहुंची
- मृतक की पहचान 32 वर्षीय रमेश के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में मॉडल टाउन के पीछे छोटी वाल्मीकि बस्ती में एक युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। युवक किसी शादीशुदा महिला के साथ लिव इन रिलेशनशिप में था। बुधवार दोपहर को महिला युवक के घर पर पहुंची थी, जहां पर उसका युवक के साथ झगड़ा हुआ और वह वहां से चली गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान 32 वर्षीय रमेश के रूप में हुई है। मृतक मूल रूप से बीजना गांव का रहने वाला था और अविवाहित था। वह करीब 8-9 साल से करनाल में रह रहा था। मृतक के भतीजे सचिन ने बताया कि मैं राशन डिपो पर गेहूं लेने के लिए गया हुआ था। घर में स्मेल फैली



सल्फास की दुर्गंध तभी मेरी वाइफ का कॉल आया, जिसने बताया कि रमेश के कमरे से सल्फास जैसी चीज की दुर्गंध हो आ रही है। जिसके बाद मैं रमेश के घर पहुंचा तो पूरे घर में स्मेल फैली हुई थी। दरवाजा अंदर से बंद था। मैने खिडक़ी में से देखा तो चाचा बैड पर औंधे मुंह पड़ा हुआ था। मैने रमेश चाचा को आवाज लगाई लेकिन कोई जवाब नहीं आया। उसके बाद मैने गेट तोड़ा और दरवाजा खोला, तो वह मृत हालत में था। उसने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए करनाल के मोर्चरी हाउस सौंपेगी और परिजनों की शिकायत के आधार पर आगामी कार्रवाई की महिला के साथ लिव इन रिलेशन में था सचिन ने बताया कि एक महिला चाचा के साथ रिलेशन में रह रही थी। वह कभी कभी आती थी और दोपहर के समय ज्यादा आती थी। एक दो दिन पहले भी चाचा का और उस औरत का आपस में झगड़ा हुआ था। हमने चाचा को भी मना किया था कि वह ऐसी औरत के साथ न रहे, लेकिन चाचा हमें डांट देते थे और कहते थे कि मैं अपने आप देख लूंगा। बुधवार को भी औरत घर पर आई थी और झगड़ा किया था। वह गाली गलौज कर रही थी। जिसके बाद शाम को चाचा ने जहर खा लिया।सिविल लाइन थाना प्रभारी श्रीभगवान ने बताया कि छोटी वाल्मीकि बस्ती में रमेश नामक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की है। किसी महिला के साथ युवक लिव इन में था। औरत के बारे में अभी कुछ पता नहीं चल पाया है।

## भूजल को भविष्य के लिए सुरक्षित करने के लिए तेजी से प्रयास करने होंगे : राजीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भूजल जैसी प्राकृतिक संपदा को भविष्य के लिए सुरक्षित करने हेतु तेजी से प्रयास करने होंगे उपरोक्त शब्द प्रसिद्ध पर्यावरणविद्व, राष्ट्रीय अवार्डी तथा अटल भूजल योजना करनाल के सूचना, शिक्षा एवं संचार विशेषज्ञ राजीव कुमार शर्मा ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर /"एक पेड़ मां के नाम अभियान/" के अन्तर्गत गांव रम्बा में जनस्वास्थ्य विभाग के जल घर व टपराना में जन स्वास्थ्य विभाग के जल घर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित में व्यक्त किये ।

उन्होंने कहा कि हमें भूजल बचाने का प्रयास तेज करने होंगे अन्यथा हमें भविष्य में जल संकट से जूझना पड़ सकता है। ग्रामीण स्तर पर इस दिशा में अटल जल सहेली व स्कूली बच्चे भी युवा राजदूत के रूप में बेहतरीन भूमिका अदा कर सकते हैं । आज समय रहते हमें सबको इस दिशा में सार्थक व सकारात्मक भूमिका निभानी होगी और भूजल की एक- एक बूंद की कीमत को समझना होगा। इस अवसर पर एग्रीकल्चर एक्सपर्ट नीरज कुमार, खण्ड समन्वयक कपिल कुमार, कुलदीप सिंह, ट्यूबवेल आपरेटर रोशन लाल, समाजसेवी अजय बत्रा, समाजसेवी गोपाल शर्मा, रवि, सुभाष, नमबरदार, शाम मेहरा, पम्मा मेहरा, सत्ता, अशोक पाल आदि रहे।




## ज्वैलर्स की दुकान से 12 लाख की चोरी, केस दर्ज

- युवक ने महिला को बातों में उलझाया, सोना लेकर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के सर्राफा बाजार में वीरवार दोपहर माया ज्वैलर्स शॉप से एक शातिर ठग 122 ग्राम प्योर गोल्ड लेकर फरार हो गया। ठग ग्राहक बनकर दुकान पर पहुंचा था और वहां बैठी दुकान मालिक की मां को बड़ी चालाकी से बातों में उलझा दिया। मौका मिलते ही गल्ले में रखे सोने पर हाथ साफ कर दिया और पैसे लाने की बात कहकर दुकान से चला गया। इसके बाद वह दोबारा नहीं लौटा। चोरी हुई सोने की कीमत करीब 12 लाख रुपए बताई जा रही है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। मालिक सूर्या ने बताया कि घटना के समय वह डॉक्टर के पास गए हुए थे और दुकान पर सिर्फ उनकी मा रोजी किरण बैठी थीं। उनका सर्वेट 122 ग्राम प्योर गोल्ड खरीदकर लाया था, जिसे मां ने ठग के सामने ही गल्ले में रखा था। तभी युवक ने एक ग्राम गोल्ड की मांग की। चूंकि वह पूरा 122 ग्राम का सेट था, इसलिए उनकी माता ने एक ग्राम गोल्ड ऊपर बनी वर्कशॉप से लाने के लिए सर्वेट को भेज दिया। 500 रुपए देकर बोला- 'बाकी पैसे गाड़ी से ला रहा हूं' जैसे ही सर्वेट ऊपर गया, युवक ने मौका देख गल्ले से 122 ग्राम प्योर गोल्ड निकाल लिया और दुकान पर बैठी बुजुर्ग महिला को 500 रुपए देते हुए कहा कि वह बाकी पैसे अपनी गाड़ी से लेकर आ रहा है।

## एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण

**घरौंडा।** घरौंडा के एसडीएम राजेश सोनी ने आज गांव फुरलक व कालरम में चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ब्राह्मण व वाल्मीकि चौपाल में चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया और अधिकारियों व ठेकेदार को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में तेजी लाएं तथा निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। इस मौके पर पंचायती राज के एसडीओ जय भगवान व संबंधित जेई मौजूद रहे।

उपमंडल प्रशासन की ओर से क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण प्रक्रिया निरंतर जारी है। समय-समय पर किसी न किसी गांव में जाकर विकास कार्यों की स्थिति का जायजा लिया जाता है और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाते हैं।

### नियोलिव ने संपूर्ण बिक्री की सफलता अर्जित की

**करनाल।** रियल एस्टेट डेवलपर नियोलिव ने अपने पहले प्रोजेक्ट नियोलिव ग्रैंड पार्क की लॉन्च इन्वेंट्री के पूरी तरह बिक जाने की घोषणा की है। इस सफलता के साथ कंपनी ने 300 करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की है। यह परियोजना मेसर्स साउथ वेस्ट ब्लिस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा हरेरा, पंचकूला से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद विकसित की जा रही है।

हरियाणा के कुंडली-सोनीपत में 19.46 एकड़ में फैले नियोलिव ग्रैंड पार्क को विश्व प्रसिद्ध आर्किटेक्ट हफीज कॉन्ट्रैक्टर और यूके मुख्यालय वाली बीडीपी इंडिया ने डिज़ाइन किया है। इस प्रोजेक्ट की सबसे खास बात है इसका 3 एकड़ में फैला विशाल अर्बन फॉरेस्ट और हरी-भरी खुली जगहें, जो इसकी केंद्रीय थीम को दर्शाती हैं।

## विधायक और मेयर ने संयुक्त रूप से किया शिलान्यास

# झंझाड़ी में 40 लाख से बनेगा सामुदायिक केंद्र

सामुदायिक केंद्र गांव के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी और नगर निगम की मेयर रेनू बाला गुप्ता ने वीरवार को नीलोखेड़ी के गांव झंझाड़ी में करीब 40 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक केंद्र का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि यह सामुदायिक केंद्र गांव के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि यह सामुदायिक केंद्र गांव के लिए तथा आसपास के गांवों के लिए एक बहुउद्देशीय सुविधा के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि यह केंद्र सामाजिक आयोजनों, बैठकों और विभिन्न सामुदायिक गतिविधियों के लिए एक आदर्श स्थान प्रदान करेगा, जिससे गांव में एकजुटता और भाईचारा बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में नॉन-स्टॉप विकास कार्य किए जा रहे हैं तथा प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बिना किसी भेदभाव के कार्य कर रही है। इस अवसर पर मेयर रेनू बाला गुप्ता ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि नगर निगम शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के समान विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस तरह के सामुदायिक केंद्र न केवल बुनियादी सुविधाएं प्रदान करते हैं, बल्कि स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि झंझाड़ी का यह नया सामुदायिक केंद्र ग्रामीणों के जीवन को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा। इस कार्यक्रम के बाद नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी और नगर निगम की मेयर रेनू बाला गुप्ता ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। इस अवसर पर वार्ड की पार्षद सुदेश रानी, पार्षद प्रतिनिधि सुभाष कोच और बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित थे, जिन्होंने इस आधुनिक सुविधा के लिए विधायक और मेयर का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने आशा व्यक्त की कि यह सामुदायिक केंद्र उनके सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।



तरावड़ी। गांव झंझाड़ी मे सामुदायिक केंद्र का उद्घाटन करते हुये विधायक भगवान दास कबीरपंथी। *फोटो : हरिभूमि*

## न्यूज डायरी



करनाल के बड़ा गांव में स्थित वर्षों पुराने बरगद के पेड़ की पूजा करते लोग।

### विश्व पर्यावरण दिवस पुराने वृक्ष को पूजा

**करनाल।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर गुरुवार को वन विभाग द्वारा हरियाणा सरकार की प्राण वायु देवता स्कीम के अंतर्गत करनाल के बड़ा गांव में स्थित वर्षों पुराने बरगद के पेड़ की पूजा अर्चना की। इस दौरान बड़ी संख्या में गांव के लोग व बड़े बुजुर्ग भी मौजूद रहे। इस मौके पर मौजूद डीएफओ पवन कुमार शर्मा ने कहा कि यह हमारे लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि करनाल के बड़ा गांव में वर्षों पुराना बरगद का पेड़ है, जो हरियाणा सरकार की प्राण वायु स्कीम के अंतर्गत आता है। गांववासियों का कहना है कि यह पेड़ करीब 150 साल पुराना है। यह वृक्ष हमें प्राण वायु अर्थात आक्सीजन देने का कार्य कर रहे हैं। हमें इन वृक्षों को सहेजकर रखना चाहिए। वृक्ष अधिक से अधिक संख्या में होंगे तो पर्यावरण संरक्षित रहेगा और आने वाली पीढ़ियों को साफ व स्वच्छ हवा मिल सकेगी।



करनाल। पौधारोपण के लिए प्रेरित करते सीजेएम।

### सीजेएम ने पौधारोपण के लिए किया प्रेरित

**करनाल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वीरवार को पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर सीजेएम व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल कल्याण यूनिट, सुपरिंटेंडेंट, प्लेस ऑफ सेफ्टी व अन्य विभागों के अधिकारियों, पैनल अधिवक्ताओं और पीएलवी के साथ एक बैठक का आयोजन किया जिसमें कैम्पेन सखी को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने बारे बातचीत की। उन्होंने उपस्थित विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कार्यरत पैनल अधिवक्ताओं और पैरा लीगल वालंटियर को पौधे वितरित किए व पर्यावरण सुरक्षा के लिए पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया।



करनाल। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी के स्मृति स्थल पर पौधरोपण करते कांग्रेसी।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया पौधरोपण

**करनाल।** करनाल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी के स्मृति स्थल पर पौधरोपण किया तथा पर्यावरण को शुद्ध व संरक्षित रखने के संकल्प लिए। कांग्रेस की महिला जिला अध्यक्ष डाक्टर नवजोत कश्यप व अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता इंद्रजीत सिंह गोराया ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पौधे लगाए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इन्द्रजीत सिंह गोराया ने इस अवसर पर कहा कि विश्वभर में उद्योगों से निकलने वाली ज़हरीली गैस, पेस्टीसाइड व प्लास्टिक के अत्याधिक प्रयोग की वजह से वातावरण बहुत प्रदूषित हो चूका है जो की मानव जीवन के लिए ख़तरे की घंटी है। हमें समय रहते पर्यावरण को शुद्ध व संरक्षित रखने के लिए जरूरी कदम उठाने चाहिए ताकि प्रदूषण से बचा जा सके। इस अवसर गुरविंदर कौर, पराग गाबा, गुरमीत सिंह, संतोष गिल, सपना, सुमित्रा देवी सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद थे।



शिव मंदिर पार्क में पार्षद जोगिंद्र शर्मा ने लोगों के साथ पौधारोपण करते हुए।

### एक पेड़ मां के नाम से होता है भावनात्मक लगावः पार्षद

**करनाल।** विश्व पर्यावरण दिवस पर करनाल में विभिन्न स्थानों पर 'एक पेड़ मां के नाम' पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसी कडी में आज वार्ड नंबर 7 के बूथ नंबर 34 के न्यू चार चमन स्थित शिव मंदिर पार्क में वार्ड पार्षद जोगिंद्र शर्मा द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर उनके साथ जिला मीडिया प्रभारी एवं पूर्व पार्षद डा अशोक कुमार, कर्ण मंडल उपाध्यक्ष गौरव नागपाल,आकाश अरोड़ा, विकास महंत,शक्ति केंद्र प्रमुख सुनील कुमार, कमल मुंजाल बूथ प्रमुख संदीप कुमार ,हरविंदर सिंह, कंवलप्रीत राजेन्द्र मदान सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बीजेपी ने 5 जून से लेकर 15 अगस्त तक बूथ-बूथ पर पौधारोपण करने का संकल्प लिया है।पार्षद जोगिंद्र शर्मा ने वार्ड 7 के इलाके न्यू चार चमन के अतिरिक्त डी सी कालोनी, न्यू हाउसिंग बोर्ड एवं अर्जुन गेट सहित अन्य स्थानों पर पौधारोपण किया।



### डीएसजे ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

करनाल। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा ने वीरवार को नारी निकेतन, श्रद्धानंद बाल आश्रम, करनाल प्लेस आफ सेफ्टी व जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीजेएम व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन भी उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला कारागार में बंदियों और प्लेस ऑफ सेफ्टी में रह रहे ज्यूविनायलों से बातचीत कर उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने नारी निकेतन में रह रही महिलाओं और श्रद्धानंद बाल आश्रम में रह रहे बच्चों से बातचीत की और उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस मौके पर संबंधित स्थानों के प्रतिनिधि

### योग कक्षा में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया



**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत फव्वारा पार्क योग कक्षा में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। आयुष विभाग के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर सतपाल के निर्देशन में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफलतापूर्वक मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। हरियाणा योग आयोग एवं और आयुष विभाग के द्वारा चलाई जा रही इस मुहिम के तहत सिविल सर्जन की टीम द्वारा सैक्टर 12 में आयोजित योग शिविर में योग साधकों की निशुल्क जांच की गई। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी ने बताया कि इस विशेष जांच शिविर में ब्लड प्रेशर और डायबिटीज संबंधित जांच निशुल्क की गई। लोग अपने परिवार और संबंधियों को लेकर जांच के लिए पहुंचे।उन्होंने कहा कि आज ब्लड प्रेशर और शुगर की बीमारी बढ़ती जा रही है ।यह आधुनिक समय की देन है। अपने खान पान, जीवन शैली में बदलाव के साथ इस प्रबंधित किया जा सकता है।

**खबर संक्षेप**

### श्रद्धालुओं ने यमुना में स्नान किया

**पानीपत।** ज्येष्ट माह की दशमी के दिन गंगा दशहरे के शुभ अवसर पर यमुना नदी में स्नान करने वालों की पूरा दिन भीड लगी रही। वहीं, श्रद्धालुओं के लिए यमुना पुल पर मेले में भंडारे व छबीलो का भी आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने यमुना नदी में स्नान कर पूजा अर्चना कर सुख शान्ति की कामना की। इधर, सनौली खुर्द निवासी मास्टर सतनारायण शास्त्री ने बताया ज्येष्ट माह की दशमी के दिन गंगा दशहरे के स्नान का विशष महत्व है। इस दिन यमुना नदी में स्नान करने के बाद दान करने से बहुत बडे पुण्य की प्राप्ति होती है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता रैली निकाली

**पानीपत।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बापौली में सेमिनार निबंध प्रतियोगिता तथा पर्यावरण संबंधित जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य अपने क्षेत्र को अपनी पृथ्वी के वातावरण को बचाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में पेड़ लगाने, प्लास्टिक का उपयोग न करने इत्यादि कदम उठाए। दूसरी ओर, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापौली में पौधे रोपे।

### पंच पदों का चुनाव 15 को

**पानीपत।** डीडीपीओ राजेश शर्मा ने बताया कि आगामी 15 जून को पानीपत जिला के विभिन्न खण्डों के पंचों के रिक्त पदों पर उप चुनाव सम्पन्न करवाया जाएगा। इनमें मडलौडा खंड के गांव धर्मगढ़ के वार्ड नंबर 1 में पंच का, सनौली खुर्द के गांव छाजपुर के वार्ड 2 में पंच पद के लिए व इसराना की गांव काकौदा के वार्ड 5 में पंच पद के लिए चुनाव होगा।

### शिविर में प्रशासन ने जनसुनवाई की

**पानीपत।** जिला सचिवालय में गुरुवार को जनता समाधान शिविर में आम जन की समस्याओं की सुनवाई करते हुए निगम संयुक्त आयुक्त डॉक्टर संजय ने कहा कि हमें गंभीरता के साथ समस्याओं का समाधान करना है। हर अधिकारी समग्रता व पूर्णता के साथ जन समस्याओं का समाधान कर रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के कार्य में सपष्टता होनी चाहिये तभी आम जन का विश्वास समाधान शिविर के प्रति और बढेगा। वहीं डीएसपी राजबीर ने शिविर में समस्या लेकर पहुंचे प्रार्थियों की सुनवाई की।



### एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू

**पानीपत।** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को स्थानीय ऑफिसर कॉलोनी से निगम आयुक्त डॉ. पंकज यादव ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गत वर्ष इस पहल के जिले में सकारात्मक परिणाम रहे हैं। इस वर्ष इसका दूसरा चरण है। इसमें सभी नागरिकों ने इस अभियान को बल देना है व इसे कामयाब बनाना है। जिले में पौधारोपण का लक्ष्य भी तय किया गया है। हर व्यक्ति को एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए क्योंकि जिस तरह से जनसंख्या का दबाव बढ़ रहा है

बढ़ता प्रदूषण हमारे खूबसूरत ग्रह को अत्यधिक नुकसान पहुंचा रहा

# विद्यार्थियों ने सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने की शपथ ली

■ एसडी कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस को पर्यावरण जागरूकता एवं जैव विविधता संरक्षण के रूप में मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेजकी राष्टीय सेवा योजना द्वारा अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस को पर्यावरण जागरूकता एवं जैव विविधता संरक्षण के रूप में मनाया जिसमे कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

वहीं, एक दिवसीय सेमीनार को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा की जैव विविधता के संरक्षण के लिए सबसे पहली और महत्वपूर्ण बात मानव आबादी को नियंत्रित करना और पौधों और जानवरों की अन्य प्रजातियों को इस ग्रह पर पनपने देना है। बढ़ता प्रदूषण हमारे खूबसूरत ग्रह को अत्यधिक नुकसान पहुंचा रहा है और इसके कारण धरती का तापमान बढ़ रहा है जो ग्लोबल वार्मिंग का कारण है। उन्होंने कहा की जैव विविधता अलग-अलग तरह की वनस्पतियों एवं जानवरों का संग्रह है जो एक ही विशेष क्षेत्र में रहते या फैले हुए है। जैव विविधता जितनी समृद्ध होगी उतना ही सुव्यवस्थित और संतुलित हमारा वातावरण होगा। अलग-अलग तरह की वनस्पति तथा जीव-जंतु भी धरती को रहने के योग्य बनाने के लिए अपना योगदान देते है। इंसान के जीवन के पीछे भी जैव विविधता का ही हाथ है और ऐसा इसलिए है क्योंकि अलग-अलग जंतु और पेड़-पौधे ही मिलकर मनुष्य की मूलभूत जरूरतें पूरी करने में सहायता करते है। इस अवसर पर टीचर्स व स्टूडेंट्स ने सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने की शपथ ली। वहीं, सेमीनार में प्रो. प्रवीण आर. खेरडे, डॉ. मोनिका खुराना, डॉ. रेखा रानी,रवि कुमार, डॉ प्रियंका चांदना, डॉ. राहुल कुमार, शशि मोहन आदि मौजूद रहे।



पानीपत। एसडी कॉलेज में पौधे रोपते हुए प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा आदि।

# वृक्ष हमारे जीवन के अनमोल रत्न

■ विश्व पर्यावरण दिवस पर कोर्ट कांपलेक्स में पौधे रोपे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पर्यावरण को बचाने के लिए जीवन में पौधरोपण करना चाहिए। जीवनदायी आक्सीजन का एकमात्र स्त्रोत पौधे ही हैं। अगर पौधे नहीं रहेंगे तो हमें आक्सीजन की दिक्कत हो जाएगी। कोरोना काल में आक्सीजन की कमी का खामियाजा कई लोगों ने भुगता है। हमें इससे सबक लेते हुए पौधारोपण का संकल्प लेना चाहिए। ये शब्द मेयर कोमल सैनी ने पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान कहे। विश्व पर्यावरण दिवस पर मेयर कोमल सैनी ने पानीपत जिले के कोर्ट परिसर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदेश शर्मा, एडीजे संदीप सिंह, राजेश मेहता, राजेंद्र सिंह, अर्चना यादव, पीयूष शर्मा, अमरदीप सिंह, पूजा सिंगल, राजेश शर्मा, सीजेएम महेंद्र सिंह, बार एसोसिएशन के जिला प्रधान सुरेंद्र दूहन आदि ने वृक्षारोपण में सक्रिय रूप से भाग लिया। मेयर कोमल सैनी ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के अनमोल रत्न हैं। शुद्ध पर्यावरण के लिए हमें अपने जीवन से ज्यादा इसकी देखभाल की जरूरत है। पेड़-पौधों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। आज पेड़ों की कटाई होने से हमें कई तरह की प्राकृतिक आपदाओं को झेलना पड़ रहा है।



कोर्ट कांपलेक्स में पौधे रोपते हुए मेयर कोमल व न्यायधीशगण, अधिकारीगण।

### पर्यावरण को घना करें विद्यार्थी : डॉ राजीव

**पानीपत।** मॉडल टाउन स्थित पीसीसी एकेडमी (एन इंस्टिट्यूशन ऑफ इंग्लिश) में वीरवार को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर एकेडमी में एकेडमी के डायरेक्टर डॉ. राजीव परुथी व को डायरेक्ट शिल्पा परुथी द्वारा विभिन्न विभिन्न प्रकार के पौधे रोपित किए गए। पौधा रोपण करने में एकेडमी के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। वहीं, डायरेक्टर डॉ. राजीव परुथी ने पर्यावरण के लाभ बताते हुए कहा कि पौधे वायु में मौजूद प्रदूषकों को अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं। पौधे जल चक्र को बनाए रखने में मदद करते हैं और जल संचयन को बढ़ावा देते हैं। पर्यावरण को विद्यार्थी घना करें। इस मौके पर पलक सहगल, अंजलि, सिमरन, संजना, गरिमा आदि मौजूद रहे।




पीसीसी एकेडमी के डायरेक्टर डॉ राजीव परुथी व को डायरेक्ट शिल्पा परुथी, छात्रों को पौधे भेंट करते हुए।

# प्रकृति ही भगवान हैः सविता आर्य



पानीपत। राजकीय स्कूल गांव महराणा में पौधे रोपते हुए सविता आर्य आदि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

विश्व पर्यावरण दिवस पर नारी तू नारायणी उत्थान समिति ने राजकीय स्कूल गांव महराना में पौधरोपण किया। समिति की अध्यक्ष सविता आर्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति संरक्षण एक महत्वपूर्ण कर्तव्य है। पेड़-पौधे, नदी-पर्वत, अग्नि-वायु सहित प्रकृति के विभिन्न रूप हमारे लिए वंदनीय हैं। पर्यावरण हमारी अमूल्य धरोहर है और इसका संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पृथ्वी को हरित, स्वच्छ और सुरक्षित बनाना केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि हमारा नैतिक कर्तव्य भी है समिति की सचिव नीता रानी ने कहा कि सभी को मिलकर ज्यादा से पेड़ लगाने होंगे ताकि हम अपनी धरती माता को हरा-भरा, स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त बनाकर अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुंदर भविष्य सुनिश्चित कर सके। इस अवसर पर सुनीता कुंडू, गांव के सरपंच प्रवीण नांदल, भावना, रिंकू आदि ने पौधे रोपे।

# रिफाइनरी में पर्यावरण दिवस पर पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

विश्व पर्यावरण दिवस पर प्लास्टिक प्रदूषण का अंत करें, प्लास्टिक प्रदूषण कोहराएं को केन्द्रित करते हुए तथा साथ ही इंडियन ऑयल की पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए वीरवार को पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन बड़े उत्साहपूर्वक एवं उद्देश्यपूर्ण ढंग से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एमएल डहरिया कार्यकारी निदेशक एव रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी द्वारा पीआरपीसी के सभी कर्मचारियों को शपथ दिलाने के साथ हुई। इस कार्यक्रम में अजय कैला, कार्यकारी निदेशक (कोर ग्रुप), चूरामन, कार्यकारी निदेशक (परियोजना) एवं ओम प्रकाश, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। वहीं, अपने सम्बोधन में डहरिया ने विशेष रूप से विश्व पर्यावरण के थीम पर तथा कार्बन उत्सर्जन कम करने एवं जल संरक्षण हेतु पीआरपीसी की प्रतिबद्धता की जानकारी देकर नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोपने की अपील की। विदित है कि पीआरपीसी अपने स्थापना काल से ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति काफी सजग है और पर्यावरण संरक्षण के लिए हमेशा हरसंभव प्रयास करती रहती है। समय समय पर पीआरपीसी के आस-पास तथा जिला पानीपत में पौधरोपन का अभियान भी चलाया जाता है और अभी तक नौलाख से अधिक पौधे रोपित हो चुके हैं।




पानीपत। रिफाइनरी के अधिकारीगण पर्यावरण जागरूकता को ई-ब्रोशर का अनावरण करते हुए।

# टीचर्स ने हैप्पी क्लास रूम व शिक्षण कौशल की ट्रेनिंग ली

■ कक्षा में शिक्षण करते समय विद्यार्थियों में जिज्ञासा उत्पन्न करनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, वीर भवन में शिक्षण कौशल एवं नवाचार पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रधान सुमित्रा आर्य ने कार्यशाला की अध्यक्षता की। जिसमें मुख्य रिसोर्स पर्सन के तौर पर डाइट पानीपत के मनोविज्ञान प्राध्यापक तकदीर सिंह ने कार्यशाला में अध्यापिकाओं को हैप्पी क्लासरूम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा कक्ष को प्रभावी शिक्षण के लिए शिक्षक को सकारात्मक माहौल बनाने की आवश्यकता है। कक्षा कक्षा के माहौल को सकारात्मक एवं खुशनुमा बनाते हुए अपना शिक्षण कार्य करना चाहिए। अध्यापक एवं छात्र का संबंध अच्छा होना चाहिए। एक कक्षा कक्ष को खुशनुमा बनाने के लिए अध्यापक एवं विद्यार्थियों के बीच टीम भावना का होना जरूरी है। कक्षा में शिक्षण करते समय विद्यार्थियों में जिज्ञासा उत्पन्न करनी चाहिए। दूसरे सत्र में रिसोर्स पर्सन प्रदीप मलिक ने शिक्षण कौशल पर विस्तृत जानकारी दी। प्राचार्या स्वीटी छिक्कारा ने आगंतुकों को विद्यालय की तरफ से स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।



पानीपत। आर्य गर्ल्ज स्कूल, वीर भवन में कार्यशाला में भाग लेने पहुंची टीचर्स।

# होब पास पोर्टल पर स्वीकरत नहीं हो रहे है भवनों के नक्शे

■ आरटीआई कार्यकर्ता ने मुख्यमंत्री व निकाय मंत्री को भेजी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

हरियाणा में ऑनलाइन नक्शे स्वीकृत कराने के लिए अर्बन लोकल बॉडीज डिपार्टमेंट व टाउन एन्ड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट के तहत हरियाणा ऑनलाइन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम होबपास पोर्टल द्वारा पिछले दो महीने से भवनों के नक्शे स्वीकृत नहीं किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व निकाय मंत्री विपुल गोयल को शिकायत भेज कर आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने होब पास पोर्टल को तुरंत सुचारु करने व लंबित सभी नक्शे स्वीकृत करने की मांग की है। वहीं, कपूर ने बताया कि होब पास पोर्टल पर अर्बन लोकल बॉडीज के तहत भवनों के नक्शे सबमिट तो रहें हैं, फीस भी जमा हो रही है, लेकिन नक्शे स्वीकृत नहीं किए जा रहे हैं। इसके चलते नागरिकों को भारी परेशानी हो रही है।

# यज्ञ करने से शुद्ध होता है वातावरणः स्नेह

■ समालखा में श्री अमरनाथ यात्रा सेवा समिति ऑफिस का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

श्री अमरनाथ यात्रा सेवा समिति के कार्यालय का शुभारंभ हवन के साथ वीरवार को पुराना थाना रोड गुप्ता टैंट के सामने किया गया। समिति के अध्यक्ष स्नेह गर्ग ने विधि-विधान के साथ भगवान भोले शंकर की पूजा-अर्चना कर कार्यालय का उद्घाटन किया। स्नेह गर्ग ने बताया कि श्री अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से शुरू होकर नौ अगस्त को रक्षाबंधन तक चलेगी। गर्ग ने बताया कि श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने यात्रियों के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। केवल मेडिकल जांच में स्वस्थ पाए गए यात्री ही यात्रा कर सकेंगे। यात्रियों की आयु सीमा 13 से 70 वर्ष निर्धारित की गई है, और पंजीकरण अनिवार्य होगा। बिना पंजीकरण के कोई भी यात्री यात्रा में शामिल नहीं हो सकेगा।



**पानीपत।** समालखा में यज्ञ कर श्री अमरनाथ यात्रा सेवा समिति के कार्यालय के शुभारंभ करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

# शुभ भावना से करें निर्जला एकादशी का व्रत : मिश्रा

**कुरुक्षेत्र।** श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली कुरुक्षेत्र के पीठाधीश ज्योतिष व वास्तु आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि पंचांग दिवाकर के अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल मास की निर्जला एकादशी का व्रत गृहस्थियों के लिए 6 जून 2025 शुक्रवार को और संन्यासियों और वैष्णव सम्प्रदाय के लिए 7 जून 2025 शनिवार को श्रेष्ठ रहेगा। सभी एकादशियों में श्रेष्ठ महत्व ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की निर्जला एकादशी का है। इसे निर्जला, पांडव और भीमसेनी एकादशी भी कहते हैं। निर्जला एकादशी को भगवान विष्णु के लिए व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि इस एक दिन के व्रत से सम्पूर्ण वर्ष की सभी एकादशियों के बराबर पुण्य फल मिलता है। इस तिथि पर निर्जल रहकर यानी बिना पानी पिए व्रत किया जाता है मनसा वाचा कर्मणा शुभ भावना रखें इसीलिए इसे निर्जला एकादशी कहा जाता है। व्रत करने वाले भक्त पानी भी नहीं पीते हैं। सुबह-शाम भगवान विष्णु की पूजा करते हैं क अगले दिन द्वादशी तिथि पर पूजा-पाठ और ब्राह्मण को भोजन करवाने के बाद खुद भोजन ग्रहण करते हैं। इस व्रत में बहुत गर्मी के बीच पानी नहीं पीने के कारण कठिन व्रत माना जाता है।

### डिब्बा सहित मिठाई तोलने पर हो सकती है कार्रवाई : राणा

**पिहोवा।** जिला नापतोल विभाग द्वारा अंबाला रोड पर अग्रवाल धर्मशाला में पिछले कई दिनों से दुकानदारों के बाट व तोल की जांच कर व निर्धारित फीस लेकर पंजीकृत किया जा रहा है। विभाग द्वारा दुकानदारों को बाट व तोल की जांच करवाने के लिए नोटिस दिए गए थे। इसके बाद बड़ी संख्या में दुकानदार अपने बाट व तोल की जांच करवाने पहुंच रहे हैं। जिला नापतोल विभाग के निरीक्षक कुलदीप सिंह राणा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि अब तक 610 दुकानदारों को नोटिस दिए जा चुके हैं जिसमें 465 दुकानदारों ने अपने बाट व तोल की जांच करवा कर निर्धारित फीस भर दी है।
उन्होंने दुकानदारों से आग्रह किया है कि अपने तोल की विभाग में जांच करवाये और निर्धारित फीस भरकर रसीद प्राप्त करें। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कुलदीप सिंह राणा ने कहा कि मिठाई के साथ डिब्बा तोलने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**रीतू तेहरी पत्नी प्रवीन कुमार ( पुत्री श्री सूरज प्रकाश पुत्र श्री हर भगवान दास ) निवासी मकान न. 47, 8 मरला, सतकरतार कालोनी, पानीपत।**

**बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता हैं रीतू तेहरी पत्नी प्रवीन कुमार (पुत्री श्री सूरज प्रकाश पुत्र श्री हर भगवान दास) निवासी मकान न. 47, 8 मरला सतकरतार कालोनी, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी का पिता सूरज प्रकाश पुत्र श्री हर भगवान दास का स्वर्गवास दिनांक 20.01.2015 को हो चुका है। व प्रार्थी की दादी माली बाई का स्वर्गवास काफी अरसो साल पहले हो चुकी है व प्रार्थी की माता राज रानी का स्वर्गवास दिनांक 24.04.2025 हो चुकी है उनकी मृत्यु के बाद उनके वारिस निम्नलिखित है :-

1. रीतू तेहरी पुत्री 2. सोनिया मिगलानी पुत्री 3. आशिमा सोढ़ी पुत्री स्व. सूरज प्रकाश पुत्र श्री हर भगवान दास निवासी मकान न. 47, 8 मरला सतकरतार कालोनी, पानीपत है। इनके इलावा मृतक श्री सूरज प्रकाश का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं हैं। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता हैं। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक दिनांक 05.06.202 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसील-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

शिप्रा पुत्री स्व० श्री मुकेश कुमार मखीजा पुत्र श्री सूरज नारायण मखीजा निवासी मकान नं0 सी-2/17, सैक्टर 6, एल्डिको एस्टेट वन, तहसील व जिला पानीपत।

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास का सूचित किया जाता है कि शिप्रा पुत्री स्व. श्री मुकेश कुमार मखीजा पुत्र श्री सूरज नारायण मखीजा निवासी मकान नं. सी-2/17, सैक्टर 6, एल्डिको एस्टेट वन, तहसील व ज्लिा पानीपत ने एक दस्तावेज पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है। कि मृतक स्व. श्री मुकेश कुमार मखीजा पुत्र श्री सूरज नारायण मखीजा की मृत्यु दिनांक 08.05.2025 को हो चुकी है। मृतक की पत्नी स्व० श्रीमती कमल मखीजा का दिनांक 24.09.1992 को देहान्त हो चुका है, और मृतक की माता स्व० श्रीमती शकुन्तला देवी का अरसा पहले देहान्त हो चुका है। मृतक स्व० श्री मुकेश कुमार मखीजा पुत्र श्री सूरज नारायण मखीजा के देहान्त के बाद निम्न वारिस/उत्तराधिकारी है:-

1. साहिल पुत्र, 2. शिप्रा पुत्री स्व. श्री मुकेश कुमार मखीजा पुत्र श्री सूरज नारायण मखीजा ही वारिस हैं, इनके अलावा अन्य कोई वारिस ना है। वारसान की तसदीक राजीव नम्बरदार, नूरवाला, पानीपत की रिपोर्ट व हल्का पटवारी की रिपोर्ट दिनांक 30.05.2025 के अनुसार हो चुकी है।

इनके इलावा मृतक स्व. श्री मुकेश कुमार मखीजा पुत्र श्री सूरज नारायण मखीजा का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बम्ध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर उपरोक्त कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों व रिपोर्ट के आधार पर उपरोक्त वारिस साहिल व शिप्रा को ही स्व. श्री मुकेश कुमार मखीजा पुत्र श्री सूरज नारायण मखीजा का वारिस समझा जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 02.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/- तहसीलदार-कम-संयुक्त सब-रजिस्ट्रार, पानीपत**

यामिन इंटरनेशनल स्पोर्टस अकादमी में चल रहे समर कैंप का समापन

# लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए कराटे सीखने चाहिए : सुधीर

■ लड़कों ने भी अपनी किक और फाइटिंग का बेहतरीन कारनामे दिखाते हुए अभिभावकों का मन मोह लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

यामिन इंटरनेशनल स्पोर्टस अकादमी में चल रहे समर कैंप के समापन समारोह में लड़कियों ने सेल्फ डिफेंस के हरतेंगेज कारनामें दिखाए। वहीं लड़कों ने भी अपनी किक और फाइटिंग का बेहतरीन कारनामे दिखाते हुए अभिभावकों का मन मोह लिया। अकादमी कैंप इंचार्ज सागर ने बताया कि अगर हमें अपने गणमान्य व्यक्तियों से ऐसे ही आशीर्वाद मिलता रहा तो वो दिन दूर नहीं है जो हमारे बच्चे राष्ट्रीय मेडलिस्ट होंगे। एक दिन एशिया और ओलिंपिक में अपने भारत का परचम लहराएंगे। कैंप ताइक्वांडों कैम्प प्रमाण पत्र और ट्राफी देकर अतिथिगन व उच्चतर खिलाड़ियों को सम्मान दिया गया। आशीर्वाद देने पहुंचे विधायक मनमोहन सिंह भड़ाना के मामा सुधीर सरदाना विवेक त्रिपाठी भव्य शर्मा प्रिंसीपल डीएवी स्कूल समालखा, जगदीप मीनाक्षी, ताइक्वांडो मास्टर्स नरेश कुमार, रंजीत सिंह, भूपेंद्र व प्रभनूर सिंह आदि मौजूद रहे। आखिर में अकादमी के चेयरमैन सुरेन्द्र सरोहा ने सभी का धन्यावाद किया।



यामिन एकेडमी में विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथिगण।

